
सोमवार
02 मई 2022



पृष्ठ 4
**रोजाना एक गिलास नींबू पानी के सेवन से मिलते हैं कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे**



पृष्ठ 5
**हिंदी भाषा विवाद पर सोनू सूद ने दी दिल जीत लेने वाली प्रतिक्रिया**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 93
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

हजार योद्धाओं पर विजय पाना आसान है, लेकिन जो अपने ऊपर विजय पाता है वही सच्चा विजयी है।
– गौतम बुद्ध

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

## गाजे-बाजे के साथ देव उत्सव डोलियां रवाना

विशेष संवाददाता

देहरादून। भले ही चारधाम यात्रा की शुरुआत कल 3 मई को अक्षय तृतीय के अवसर पर मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही हो रही हो लेकिन आज देव उत्सव डोलियों के रवाना होने के दौरान जिस तरह का उत्साह श्रद्धालुओं में देखा गया उसे देखकर यह कहा जा सकता है कि देवभूमि कि इस विश्व विख्यात यात्रा का शुभारंभ आज से ही हो चुका है।

अपने शीतकालीन प्रवास स्थल उखीमठ के ओमकारेश्वर मंदिर से बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल विग्रह डोली पूरे विधि-विधान और पूजा अर्चना के बाद केदार धाम के लिए रवाना हुई। तो उधर मां गंगा की डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा से गाजे बाजे के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना की गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

आज सुबह 6 बजे से ओमकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना शुरू हो गई थी परंपरानुसार पहले भैरव की पूजा अर्चना



**❑कल खुलेंगे गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट**
**❑देव उत्सव डोलियों में श्रद्धालुओं का सैलाब**

के बाद केदार बाबा का श्रृंगार किया गया और वेद मंत्रोच्चारण के साथ बाबा केदार को पंचमुखी चल विग्रह डोली में बैठाया गया। इस अवसर पर पारंपरिक वाद्यों और सेना की बैंड की धुन के साथ जय जय बम भोले के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक शैला रानी रावत सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। दो साल बाद शुरू होने वाली यात्रा की शुरुआत धूमधाम से हो सकी है। कोरोना के कारण बीते वर्षों में देव डोलियों में ऐसी भीड़ व उत्साह नहीं देखा गया था। बाबा केदारनाथ की डोली आज गुप्तकाशी में रात्रि विश्राम करेगी इससे अगले दिन डोली का विश्राम स्थल फाटा होगा तथा 4 मई को गौरीकुंड, 5 मई को बाबा की डोली केदारधाम पहुंचेगी तथा 6 मई सुबह 6.15 मिनट पर बाबा अपने ग्रीष्मकालीन प्रवास स्थल में गद्दी नशीन हो जाएंगे और अगले 6 माह अपने भक्तों को यहां दर्शन के लिए उपलब्ध रहेंगे। उधर गंगोत्री धाम के कपाट कल 3 मई को 11 बज कर 55 मिनट पर खोले जाएंगे तथा मां यमुनोत्री के कपाट दोपहर 12 बज कर 15 मिनट पर खोले जाएंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहेंगे।

कल मां गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। ऋषिकेश से श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में गंगोत्री व यमुनोत्री धाम रवाना किया गया है आज भी गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र से आए 600 से अधिक श्रद्धालुओं का जत्था गंगोत्री धाम के लिए रवाना किया गया है।

## सीएम ने अधिकारियों को दिए वनाग्नि रोकने के सख्त निर्देश

**❑जंगल में आग जलाने वालों पर हो कार्यवाही**

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के बेकाबू होने पर आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग के अधिकारियों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

आज सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वन विभाग के अधिकारियों से सीधे-सीधे सवाल किया कि अब तक उन्होंने इस वनाग्नि को रोकने के क्या प्रयास किए हैं? और जो प्रयास किए गए हैं क्या उनसे इस आग को रोकने में कोई सफलता मिली है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आग से पूरे प्रदेश के जंगल धधक रहे हैं और वनसंपदा तथा वन्यजीवों व पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है जिसे किसी भी स्थिति में रोकने के प्रयास करें।

उल्लेखनीय है कि अब तक राज्य में वनाग्नि से लगभग 3 हजार हेक्टेयर जंगल जल चुका है तथा 80 लाख से अधिक वन संपदा जलकर खाक हो चुकी है। बीते 24 घंटे में प्रदेश में 53 आग लगने की घटनाएं सामने आई है। वन विभाग के पास इस आग को बुझाने के लिए न तो पर्याप्त मैन पावर है और न संसाधन ही मौजूद है। जिसके कारण यह जंगलों की आग बेकाबू होती जा रही है कई स्थानों पर यह आग रिहायशी क्षेत्रों को भी अपनी चपेट में ले चुकी है तथा इससे कई स्कूल जल चुके हैं। चमोली और रुद्रप्रयाग वनाग्नि की घटनाओं से सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। बैठक में मौजूद वन मंत्री सुबोध उनियाल ने भी बढ़ती आग की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि जंगलों में आग लगाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि यह आग अपने आप कम लगती है लोगों द्वारा ज्यादा लगाई जाती है। बैठक में मुख्य सचिव एसएस संधू भी मौजूद रहे। वन विभाग के अधिकारियों ने अब तक की स्थिति के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

## तीन देशों की अहम यात्रा के तहत जर्मनी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूरोप के तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में सोमवार को जर्मनी पहुंचे, जहां वह जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे तथा भारत–जर्मनी अंतर सरकारी विचार विमर्श कार्यक्रम की सह अध्यक्षता करेंगे। पीएम मोदी ने यहां पहुंचने पर ट्वीट किया, बर्लिन पहुंच गया। आज मैं चांसलर ओलाफ शॉल्ज से बातचीत करूंगा, कारोबारी दिग्गजों से मुलाकात करूंगा और समुदाय के एक कार्यक्रम में हिस्सा लूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि इस यात्रा से भारत और जर्मनी के बीच मित्रता प्रगाढ़ होगी।श्श मोदी और ओलाफ छठे भारत–जर्मनी अंतर सरकारी विचार विमर्श (आईजीसी) बैठक की सह अध्यक्षता करेंगे। रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा कि बर्लिन की उनकी यात्रा चांसलर शॉल्ज से बातचीत का अवसर प्रदान करेगी जिनसे उन्होंने पिछले वर्ष जी२० में मुलाकात की थी। उन्होंने कहा, हम छठे भारत–जर्मनी अंतर सरकारी विचार विमर्श (आईजीसी) की सह अध्यक्षता करेंगे, यह एक विशिष्ट कार्यक्रम है जिसे भारत केवल जर्मनी के साथ करता है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने एक बयान में कहा था कि वह जर्मनी के चांसलर ओलाफ शॉल्ज के निमंत्रण पर दो मई को बर्लिन का दौरा करेंगे और इसके बाद वह तीन–चार मई को डेनमार्क की अपनी समकक्ष मेटे फ्रेडरिक्सन के निमंत्रण पर द्विपक्षीय वार्ता में शामिल होने के लिए कोपेनहेगन की यात्रा करेंगे।

## देश में कोरोना के 3157 नए मामले आये सामने, संक्रमण से 26 और लोगों की मौत

नई दिल्ली । देश में दो महीने से भी ज्यादा समय के बाद कोरोना वायरस की संक्रमण दर एक प्रतिशत के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, भारत में एक दिन में कोविड–१६ के ३,१५७ नए मामले सामने आने से देश में कोरोना वायरस से अब तक संक्रमित हो चुके लोगों की संख्या बढ़कर ४,३०,८२,३४५ हो गई। देश में संक्रमण से २६ और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या बढ़कर ५,२३,८६६ हो गई है। आंकड़ों के अनुसार, देश में दो महीने से भी ज्यादा समय बाद कोरोना वायरस की संक्रमण दर एक प्रतिशत के पार पहुंचकर १.०७ प्रतिशत दर्ज



की गई। २७ फरवरी को संक्रमण दर १.११ प्रतिशत दर्ज की गई थी। साप्ताहिक संक्रमण दर ०.७० प्रतिशत है। वहीं, देश में कोविड–१६ के उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर १६,५०० हो गई है, जो कुल मामलों का ०.०४ प्रतिशत है। पिछले २४ घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में ४०८ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, मरीजों के ठीक होने की राष्ट्रीय दर ६८.७४ प्रतिशत है। देश में अभी तक कुल ४,२५,३८,६७६ लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं और कोविड–१६ से मृत्यु दर १.२२ प्रतिशत है। राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक कोविड–१६ रोधी टीकों की १८६.८३ करोड़ से अधिक खुराक दी जा चुकी हैं। गौरतलब है कि देश में सात अगस्त २०२० को संक्रमितों की संख्या २० लाख, २३ अगस्त २०२० को ३० लाख और पांच सितंबर २०२० को ४० लाख से अधिक हो गई थी। संक्रमण के कुल मामले १६ सितंबर २०२० को ५० लाख, २८ सितंबर २०२० को ६० लाख, ११ अक्टूबर २०२० को ७० लाख, २६ अक्टूबर २०२० को ८० लाख और २० नवंबर को ६० लाख के पार चले गए थे।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# तीर्थ पुरोहितों की तानाशाही

चार धाम यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। किसी भी धाम में एक दिन में कितने यात्री ठहर सकते है, कितने यात्री दर्शन कर सकते हैं, कितने यात्रियों की भोजन-स्नान और शौच आदि की व्यवस्था संभव है उसकी एक सीमा निर्धारित है। इसीलिए सरकार द्वारा हर दिन एक निश्चित संख्या में तीर्थ यात्रियों को चारधाम में पहुंचने की व्यवस्था की गई है लेकिन चार धामों के तीर्थ पुरोहितों को सरकार का यह फैसला अच्छा नहीं लग रहा है। सवाल यह है कि क्या तीर्थ पुरोहितों को सिर्फ इस बात से ही सरोकार है कि जितने अधिक यात्री होंगे उतनी अधिक आय होगी। असीमित संख्या में अगर किसी धाम में श्रद्धालु पहुंचेंगे तो क्या इससे अवस्थाएं नहीं फैलेगी? अगर केदारनाथ धाम में सरकार ने एक दिन में 12 हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था की है और 20 हजार लोग पहुंच जाते हैं तो क्या स्थिति होगी, क्या इन अतिरिक्त 8 हजार लोगों के रहने-खाने की व्यवस्था तीर्थ पुरोहित करेंगे या असीमित संख्या में लोगों के आने से सड़कों पर जाम लग जाता है तो उसे खुलवाने के लिए तीर्थ पुरोहित कुछ कर सकेंगे? जितनी ज्यादा भीड़ होगी अवस्थाएं फैलने की संभावनाएं उतनी ही ज्यादा होगी। अभी बीते दिनों वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ के कारण क्या हुआ था हम सभी जानते हैं। होटल व्यवसाई भी यात्रियों की संख्या सीमित करने से नाराज हैं, वह पर्यटन मंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। ट्रांसपोर्ट कंपनियां भी नाराजगी जता रही है। दरअसल दो साल बाद शुरू हो रही इस यात्रा से अब सबको अपनी अपनी कमाई की चिंता है कि कैसे अधिक से अधिक कमाया जाए। अधिक संख्या में श्रद्धालु होंगे तो होटल किराए से लेकर खाने पीने की वस्तुओं पर मनमानी वसूली हो सकती है, वही किराया भी मनमाना वसूला जा सकता है। बात चाहे तीर्थ पुरोहितों की हो या फिर यातायात व होटल व्यवसायियों की, सभी बस अपनी कमाई की सोच रहे हैं उनकी सोच में यात्रियों की समस्याएं अथवा अव्यवस्थाओं से पैदा होने वाले संकट की बात दूर-दूर तक नहीं है। त्रिवेंद्र सरकार द्वारा लाए गए देवस्थानम बोर्ड को भंग कराने में सफल हो चुके तीर्थ पुरोहित अब अपनी तानाशाही पर उतर आए हैं उनकी सोच है कि चारधाम यात्रा से जुड़े सभी नीतिगत फैसले भी सरकार उनसे पूछ कर करें। क्या करना है क्या नहीं तीर्थ पुरोहितों की राय लेकर ही किया जाए? यह न सिर्फ उनकी गलत सोच है बल्कि ऐसा संभव ही नहीं है अगर कोई अनहोनी होती है तो उसके लिए तीर्थ पुरोहित नहीं सरकार जिम्मेदार होगी? फिर सरकार तीर्थ पुरोहितों द्वारा किसी काम के लिए बाध्य कैसे हो सकती है।

# माहरा ने गढवाली को किया याद

कोटद्वार (संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने वीर चन्द्र सिंह गढवाली की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर उनको याद किया। आज यहां कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष करन माहरां ने कोटद्वार तहसील परिसर पहुंच कर पेशावर कांड के महानायक वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा को पुष्पमाला अर्पित कर उनके द्वारा किये गए कृतित्व का स्मरण कर नमन किया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी कोटद्वार अध्यक्ष चंद्र मोहन खर्कवाल, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ज्योति गैरोला सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# अश्लील मैसेज भेजने पर मुकदमा

देहरादून (संवाददाता)। महिला को व्हटस एप कॉल में अश्लील मैसेज व फोटो भेजने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रायपुर निवासी महिला ने साइबर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि अज्ञात नम्बरों से जो कि भारतीय प्रतीत नही हो रहे है से व्हटसएप कॉल से अश्लील फोटो भेजे जा रहे है । साथ ही मेरे पति को भी मेरे विषय मे अश्लील फोटो आदि भेजे जा रहे है जिस कारण मेरे घर व समाज मे आम छवि वा मेरे लज्जा भंग की जाने के आशय से अज्ञात द्वारा यह कार्य किया जा रहा है । इस प्रकार के मैसेजो से वह मानसिक रुप से बहुत परेशान हूँ उक्त संदिग्ध द्वारा मेरी फोटो को एडिट कर अश्लील बना दिया है व सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर रहा है । इस प्रकर के एडिटिंग मैसेज को देख कर कामुक्ता संबंधि भाव उत्पन्न हो रहे है तथा मेरी एकांतता व निजता का हनन किया जा रहा है । उसको शक है कि हमारे ऑपिस मे काम करने वाला लड़का जिसका नाम रोशन आफिस अस्टिेंट के पद पर कार्यरत था उसने पिछले वर्ष काम छोड दिया है , उसके द्वारा जब 13 मार्च को जब पहली बार व्हटस एप कॉल किया था उसमे उसके स्पेम मे उसकी फोटो थी परन्तु बाद में उसनेै फोटो बदल दिया था। साइबर थाने के आदेश पर रायपुर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार ने पूरे इंतेजाम किये हैंः धामी

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सोमवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय में सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर द्वारा चारधाम यात्रा मार्गों पर उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का फ्लैग ऑफ किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर द्वारा चारधाम यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से जनसेवा का सराहनीय कार्य किया जाता रहा है। उनके द्वारा आगामी ०६ माह तक सेवाएं दी जायेंगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष राज्य में चारधाम यात्रा में लाखों श्रद्धालु देवभूमि उत्तराखण्ड आयेंगे। सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार द्वारा पूरे इंतेजाम किये गये हैं। हमें चुनौतियों को अवसर में बदलना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए हर क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं। समाज के योगदान से कार्यों में और अधिक आसानी होती है। मुख्यमंत्री ने सिक्स सिग्मा टीम द्वारा हाई एल्टीट्यूड क्षेत्रों में किये जा रहे कार्यों की सराहना की।

सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर के डॉ. प्रदीप भारद्वाज ने कहा कि सिक्स सिग्मा हाई एल्टीट्यूड में फ्री मेडिकल सर्विस देती है। इस बार सिक्स सिग्मा के साथ एम्स, दिल्ली के विशेषज्ञ डॉक्टर भी श्रद्धालुओं को सेवा देंगे। उन्होंने कहा कि इस बार यात्रा में मेडिकल सेवाएं देने के लिए सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर की ओर से १३० से अधिक मेडिकल स्टाफ को लगाया जायेगा। इस अवसर पर सिक्स सिग्मा टीम के डॉक्टर भी उपस्थित थे।

# 14 लाख का सामान लेकर जान से मारने की धमकी में मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। 14 लाख रूपये का निर्माण सामग्री लेकर पैसे ना देने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक नामजद कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय पार्क निवासी शहजाद खान ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी मैसर्स ए०वाई०ट्रेडर्स , के नाम से निर्माण सामग्री , जैसे हार्डवेयर , सनैट्रीवेयर , सरिया, सीमेन्ट , पानी की मोटर आदि विक्रय करने का कारोबार है। राकेश त्यागी ने एक योजना बनाकर उसका विश्वास जीतकर उसके साथ छल किया तथा उससे 14 लाख से अधिक का सामान प्राप्त कर लिया । यह उसको का राकेश त्यागी की नीयत का लेश मात्र भी आभास होता तो वह कदापि भी विपक्षी के जाल मे न फंसता । उसकी दुकान से राकेश त्यागी या उसका कोई कर्मचारी यदा कदा सामान ले जाता था तथा उसका भुगतान करता था ,बाद मे राकेश त्यागी उधार सामान ले जाने लगा वित्तीय वर्ष 2018 - 19 मे राकेश त्यागी ने उसको यह दर्शाया गया कि वह ग्राम कण्डौली , जिला देहरादून मे जिया पैलेस के नाम से एक बिल्डिंग का निर्माण कर रहा है कि जिसके लिये उसे उससे निर्माण सामग्री की समय-समय पर आवश्यकता है तथा जिसका भुगतान बीच-बीच मे करता रहेगा तथा इसके लिये उसने जिया पैलेस , कण्डौली के नाम से उसका खाता खोल ले ।

इस पर राकेश त्यागी का खाता 31 मार्च 2019 को उसने खोला कि जिसमे राकेश त्यागी की तरफ 14 लाख से अधिक रकम व ब्याज बाकी है । जो चैक भी दिये उनका भी भुगतान नहीं हुआ। राकेश त्यागी ने छल कपट से उससे 14 लाख 55 हजार रूपये का सामान ले लिया। जिसको जब उसने मांगा तो उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

यं युवं दाश्वध्वराय देवा रयिं धत्थो वसुमन्तं पुरुक्षुम्।
अस्मे स इन्द्रावरुणावपि ष्यात्प्र यो भनक्ति वनुषामशस्तीः।।

(ऋग्वेद ६-६८-६)

हे इंद्र और वरुण ! यज्ञशील, अहिंसक मनुष्यों को आप जो धन प्राप्त कराते हो, हमें भी उसी प्रकार शूभ धन प्राप्त हो। हम भी जितेंद्रीय बने। हम हिंसक अशुभ कर्मों से दूर रहें।

O Indra and Varuna ! The true wealth that you provide to the Yajanic, non-violent human beings. May we also get that true wealth. We also became Jitendraya. Let us stay away from violent and bad deeds.
(Rig Veda 6-68-6)

# स्कूल के बाहर खंबे पर लगी आग, मची अपफ्रा तफरी

हरिद्वार (हमारे संवाददाता)। गंगनहर क्षेत्र की आवास विकास कालोनी स्थित स्माल वर्ल्ड स्कूल के बाहर आज सुबह एक बिजली के पोल में अचानक ही आग लग जाने से अफरा तफरी फैल गयी। सूचना मिलने पर फायर सर्विस ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार आवास विकास कालोनी स्थित स्माल वर्ल्ड स्कूल के बाहर आज सुबह एक बिजली के पोल में अचानक ही आग लग गई स्कूल के स्टाफ ने जब पोल पर आग लगी देखी तो अफरातफरी का माहौल पैदा हो गया आग लगने के समय स्कूल में बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए स्कूल में न सिर्फ आग बुझाने के सभी उपकरण थे बल्कि बच्चो की सुरक्षा के लिए अध्यापिकाए भी मौजूद थी। जिन्होंने आग लगने के बाद फायर सर्विस को सूचना देते हुए आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिये। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर सर्विस द्वारा आग पर काबू पा लिया गया है।

# विधायक ने पोर्टल व न्यूज चैनलों के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

देहरादून (संवाददाता)। कांग्रेस विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने विभिन्न न्यूज पोर्टलों व यूट्यूब चैनलों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व चकराता विधायक प्रीतम सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वर्तमान में चकराता विधान सभा से भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का विधानसभा का निर्वाचित सदस्य हूँ तथा जन समर्थन के कारण काँग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष, तथा नेता प्रतिपक्ष भी रहा हूँ और छह बार से विधायक भी हूँ तथा उत्तराखंड सरकार में गृह मंत्री भी रह चुका हूँ और उसकी समाज में तथा जन समान्य में अपनी एक ख्याती है । कतिपय न्यूज पार्टल, यूट्यूब चौनल, फेसबुक आदि के द्वारा प्रेस अधिनियम एवं सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता आदि के प्रावधानों का उल्लघंन करते हुए न्यूज चौनल, पोर्टल द्वारा साजिशन, उसकी छवि धूमिल करने के प्रयोजन से भ्रामक व मिथ्या आधार पर, प्रेस की सवतंत्रता का दुरूपयोग करते हुए अवांछित तथ्य प्रकाशित व प्रसारित किए गए । पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आरटीई के तहत हुए एडमिशन धांधली की विजिलेंस जांच की मांग



संवाददाता

देहरादून। जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए आरटीई के तहत हुए एडमिशनों की जांच विजिलेंस से कराने की मांग की। आज यहां जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी ने शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत को ज्ञापन सौंपकर पिछले दो-चार साल के दौरान शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत किए गए एडमिशन में हुई व्यापक धांधली एवं इसमें शामिल गिरोह का पर्दाफाश कराने को विजिलेंस जांच का आग्रह किया, जिससे उक्त जुगलबंदी के चलते सरकार को हुई करोड़ों रुपए के नुकसान की भरपाई हो सके एवं दोषी विभागीय अधिकारियों, निजी विद्यालय प्रबंधन एवं इसमें शामिल दलालों के गिरोह को समाप्त किया जा सके। उक्त मामले में शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत द्वारा तत्काल जांच कराने का आश्वासन दिया गया। नेगी ने कहा आलम यह है कि खंड स्तर के अधिकारी इमानदारी से विद्यालय संचालित करने वाले विद्यालय प्रबंधकों से एडमिशन के नाम पर मोटी रकम की डिमांड करते हैं तथा मना करने पर उनको कई प्रकार की धमकी दी जाती है तथा इनकी बात न मानने पर एडमिशन कोटा भी कम कर दिया जाता है। नेगी ने कहा कि 'विभागीय अधिकारियों- दलालों एवं कई भ्रष्ट निजी विद्यालयों की सेटिंग गेटिंग के चलते इनको मनमाना एडमिशन कोटा जारी हो जाता है एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने रिश्तेदारों एवं निकट संबंधियों के मृत प्राय: एवं बंद पड़े विद्यालयों तक को भी एडमिशन कोटा जारी हो जाता है तथा वहीं दूसरी ओर ईमानदारी से काम करने वाले विद्यालयों को निर्धारित कोटा भी नसीब नहीं हो पाता, जिस कारण क्षेत्र के गरीब बच्चों को आरटीई का लाभ नहीं मिल पाता। इस खेल में शामिल विद्यालय फर्जीवाड़ा कर अधिक संख्या दर्शा कर मनमाना कोटा हासिल कर लेते हैं।

# स्थानीय कार्डिंग प्लांट में ऊल की कार्डिंग शुरू

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्थानीय कार्डिंग प्लांट में ऊल की कार्डिंग शुरू हो गई है। शुक्रवार से ऊल रि कॉर्डिंग शुरू होने से स्थानीय बुनकरों को राहत मिली है। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों ने उद्योग विभाग की महाप्रबंधक कविता भगत का आभार जताया।

डेढ़ साल से बंद कार्डिंग प्लांट को शुरू करने के लिए जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने पहल की थी। मर्तोलिया ने उद्योग विभाग की महाप्रबंधक कविता भगत से फोन पर बातचीत की थी।



स्थानीय बुनकरों की समस्याओं को देखते हुए विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी के बावजूद प्रत्येक सप्ताह एक कर्मचारी को पिथौरागढ़ से सप्ताह में दो दिन शुक्रवार तथा शनिवार को मुनस्यारी भेजने का फैसला लिया गया है। लिए गुलशन पानी प्लांट को चालू करने के लिए भेजा जाएगा । सीमांत क्षेत्र के अधिकांश परिवार ऊनी कारोबार के माध्यम से अपनी आजीविका चलाते है।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया की पहल के बाद स्थानीय बुनकरों के चेहरे खिल उठे हैं। मर्तोलिया ने कहा कि स्थानीय जनता को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इसके लिए आंदोलन भी करना होगा तो वे तैयार रहेंगे।

# पिंक वैडिंग जोन के लिए निकाले गये लकी ड्रा

नगर संवाददाता

हरिद्वार। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, उत्तराखंड नगरीय फेरी नीति नियमावली, मुख्यमंत्री उद्यमिता सहायता समूह योजना के तहत भारतवर्ष में प्रथम रूप से रेड़ी पटरी व गंगा के घाटों पर चूड़ी, बिंदी, माला, फूल- प्रसाद बेचकर अपनी जीविका को संचालित करने वाली महिलाओं स्ट्रीट वेंडर्स के लिए पिंक वेंडिंग जोन बाजार व महिला स्ट्रीट वेंडर्स को नगर निगम प्रशासन द्वारा समाहित करते हुए सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद की अध्यक्षता में तीसरे चरण के 33 महिला स्ट्रीट वेंडर्स के लकी ड्रा निकाले गए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में नगर निगम आयुक्त दयानंद सरस्वती के प्रयास से नगरीय फेरी समिति द्वारा पारित रोड़ी बेलवाला में बनाए गए 100 महिलाओं की क्षमता के पिंक वेंडिंग जोन में 70 महिला स्ट्रीट वेंडर्स को स्वरोजगार देने के लिए दुकाने आवंटन की जा चुकी है बाकी 30 महिलाओं को स्ट्रीट वेंडर्स को समाहित किए जाने का कार्य बैंक प्रक्रिया के साथ प्रचलन में है।

इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने कहा राज्य सरकार के निर्देशन में फेरी नीति नियमावली के नियम अनुसार फेरी समिति द्वारा सभी



चयनित वेंडिंग जोन स्थल को विकसित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा अगले चरण में पुल जटवाड़ा 50 स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता का वेंडिंग जोन, भगत सिंह चौक से सेक्टर टू बैरियल 200 स्ट्रीट वेंडर्स की क्षमता का वेंडिंग जोन व रेडी पटरी के लघु व्यापारियों का सर्वे प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है अब अगले चरण में नगर निगम प्रशासन की समिति मौके पर सत्यापन की प्रक्रिया पूरी कर शीघ्र ही चयनित वेंडिंग जोन में कारोबारी बाजार संचालित किए जाएंगे।

इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत शहरी गरीबी रोजगार दिए जाने के प्रयास हरिद्वार नगर निगम द्वारा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा आगामी फेरी समिति की बैठक में समस्त नगर निगम क्षेत्र के रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को चलती फिरती ठेली के लाइसेंस व परिचय पत्र दिए जाने की योजना का प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने कहा उत्तराखंड चार धाम यात्रा के दृष्टिगत सभी वाहन पार्किंग के नजदीक अलग से फुटपाथ के स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाने चाहिए ताकि चलती फिरती ठेली का स्ट्रीट वेंडर्स अमुख चयनित स्थल पर राज्य सरकार के संरक्षण में शोषण मुक्त रोजगार कर सके। नगर निगम प्रशासन द्वारा रोड़ी बेलवाला में महिला पिंक वेंडिंग जोन की लकी ड्रा की प्रक्रिया सार्वजनिक तौर पर लाभार्थी महिलाओं ने ही पर्चियां निकालकर एक दूसरे को बधाई दी।

## स्मैक के साथ गिरफ्तार

देहरादून (सं)। पुलिस ने स्मैक के साथ एक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासनगर कोतवाली पुलिस ने ढकरानी पुल के पास एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में घुमते हुए देखा तो उसको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से चार ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उसने अपना नाम वसीम हसन पुत्र जिंदा हसन निवासी ढकरानी बताया। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## 13 किलो गांजे के साथ युवती गिरफ्तार

देहरादून (संवाददाता)। एसटीएफ ने 13 किलो गांजे के साथ युवती को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसटीएफ को सूचना मिली कि भारी मात्रा में नशे का सामान आने वाला है। जिसके बाद एसटीएफ दरोगा विकास रावत अपनी टीम के साथ क्षेत्र में रवाना हुए। एसटीएफ टीम ने देखा कि लक्ष्मण सिद्ध मन्दिर के पास एक रोडवेज बस रूकी और उसमें से एक बैग लेकर युवती उतरी है तथा युवती तेज कदमों से विपरित दिशा की ओर जा रही थी तभी एसटीएफ टीम ने उसको रूकने के लिए आवाज लगायी तो वह सकपका गयी और भागने लगी। एसटीएफ टीम ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर रोक लिया। तलाशी लेने पर उसके बैग से 13 किलो 772 ग्राम स्मैक बरामद कर ली।

पूछताछ में उसने अपना नाम सोनम चौहान पुत्री हरदेव चौहान निवासी ग्राम अलियाबाद कटाई थाना जीवनपुर आजमगढ बताया। उसने बताया कि उसको आजमगढ से सर्वेश नामक व्यक्ति ने यह गांजा दिया था तथा कहा था कि उसके आदमी उससे सम्पर्क कर यह माल ले लेगे। उसको नहीं पता कि कौन लोग यह सामान लेने आने वाले थे। पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अब ना तो वह मुखबिर है और ना ही उनको पालने वाले ?

संवाददाता

देहरादून। पुलिस विभाग में मुखबिर का अहम योगदान रहता था तथा पुराने दरोगा व इंस्पेक्टर मुखबिरों को पालते थे उनकी जरूरतों को पूरा करते थे तब जाकर वह उनके लिए मुखबिरी करता था तथा उसकी मुखबिरी एकदम सटीक होती थी जिससे कोई अपराधी बच ही नहीं सकता था लेकिन अब वह गुजरे जमाने की बातें लगती है।

कोई भी अपराध होने के बाद पुलिस विभाग अपने मुखबिरों का जाल बिछा देता था। मुखबिर भी पुराने अपराधी होते थे। वह अपराध की दुनिया को छोडने की चाहत लेकर ही मुखबिरी के लिए तैयार हो जाते थे। पहले जो भी हिस्ट्रीशीटर अपराध की दुनिया को छोडना चाहता था तो उसको साफ कह दिया जाता था कि तुम पुलिस के लिए मुखबिरी का काम करोगे तभी पुलिस तुमको नहीं छेडेगी और वह तैयार हो जाता था। उस समय पुलिस अधिकारी मुखबिर को पालते थे उसकी हर जरूरत को पूरा करने का उनका प्रयास रहता था तो वह भी ईमानदारी से मुखबिर का काम करता था। कोई भी अपराध होता तो वह पुलिस के लिए सेतु का काम करता था तथा उसकी सूचना एकदम सटीक होती थी जिसके चलते पुलिस अपराधी तक पहुंच जाती थी। क्योंकि वह (मुखबिर) पुराना अपराधी होने के कारण अपराधियों की नस-नस को जानता होता था इस लिए वह उनको तलाशने में कामयाब होता था। लेकिन अब ऐसा कोई दिखायी नहीं देता। क्योंकि अब ना तो वह मुखबिर रह गये और ना ही उनको पालने वाले भी नहीं है? आज कल पुलिस अधिकारी कहते हैं कि उन्होंने मुखबिरों का जाल बिछा दिया है लेकिन जाल कहां पर बिछाया यह उनको भी पता नहीं होता? क्योंकि मुखबिर आज के समय में हैं ही नहीं? आज के समय में तो अपराधियों की मुखबरी उनके मोबाइल फोन ही करते है। अगर किसी ने कोई घटना करी और उस समय अपराध करने वाले के पास मोबाइल फोन हुआ तो समझ लो कि उसकी मुखबरी उसका मोबाइल फोन ही करेगा और वह जल्द पकडा भी जाता है। पुलिस को अब सिर्फ और सिर्फ मोबाइल फोन सीसीटीवी कैमरों का ही सहारा है। अब ना तो वह अपराधी ही रह गये और ना ही वह पुलिस है जो कि उनको मुखबिर बनने पर मजबूर कर दे। आज के समय में किसी को मुखबिर बनाना और उसको पालना बडा मुश्किल काम है। क्योंकि आज के इस हाईटैक जमाने में किसी को मजबूर करना नामुमकिन सा है कब कौन किसकी वीडियों बनाके वायरल कर दे यह किसी को भी पता नहीं है इसलिए पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी इन लफडों से बचते है फिर कौन किसका मुखबिर बनने को तैयार होगा?

# विकट स्थिति में दुनिया

संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी ने पिछले साल सात करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी में डुबो दिया। उधर कई विकासशील देश कर्ज पर दिए जाने वाले भारी ब्याज के कारण महामारी के दुष्प्रभावों का शिकार हो रहे हैं। इससे भयानक स्थिति पैदा हो रही है।

यूक्रेन युद्ध का एक बड़ा नुकसान यह हुआ है कि कोरोना महामारी और उसकी वजह से पैदा हुई समस्याओं पर से दुनिया का ध्यान हट गया है। जबकि ऐसी कई गंभीर समस्याओं पर से लगातार परदा हट रहा है। मसलन, संयुक्त राष्ट्र की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि महामारी ने पिछले साल सात करोड़ से ज्यादा लोगों को अत्यधिक गरीबी में डुबो दिया। उधर कई विकासशील देश कर्ज पर दिए जाने वाले भारी ब्याज के कारण महामारी के दुष्प्रभावों का शिकार हो रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अमीर देश बेहद कम ब्याज पर उधार ली गई रिकॉर्ड राशि के साथ महामारी की मंदी से उबर सकते हैं। लेकिन गरीब देश अभी भी अपना कर्ज चुकाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस स्थिति ने विशाल वैश्विक वित्तीय अंतर पैदा कर दिया है। गरीब देशों ने अपना कर्ज चुकाने में अरबों डॉलर खर्च किए। उन्हें उच्च ब्याज दर पर ऋण मिला था, इसलिए वे शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार, पर्यावरण और असमानता घटाने की दिशा में ज्यादा खर्च नहीं कर सके।

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2०19 में 81.2 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी में जी रहे थे। ये लोग और रोजाना 1.9० डॉलर या उससे कम खर्च करने की क्षमता रखते थे। 2०21 तक महामारी के बीच ऐसे लोगों की संख्या बढ़कर 88.9 करोड़ हो गई। जाहिर है, इस रिपोर्ट ने भयानक तस्वीर हमारे सामने रखी है। लाखों लोगों को भूख और गरीबी से बाहर निकालने की चुनौती दुनिया के सामने आ गई है। जलवायु परिवर्तन और कोविड-19 महामारी ने स्थिति को पहले ही भयानक बना दिया था। अब यूक्रेन युद्ध का वैश्विक प्रभाव भी महसूस किया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र के एक विश्लेषण से संकेत मिला है कि यूक्रेन में युद्ध के परिणामस्वरूप 1.7 अरब लोगों को भोजन, ऊर्जा और खाद की उच्च कीमतों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण 2०23 के आखिर तक 2० फीसदी विकासशील देशों में प्रति व्यक्ति जीडीपी 2०19 से पहले के स्तर पर नहीं लौटेगी। इसमें यूक्रेन युद्ध के कारण होने वाली अतिरिक्त लागत शामिल नहीं है। जो गरीब देश कर्ज चुकाने पर अरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं, उन्हें शिक्षा और बुनियादी ढांचे पर खर्च में कटौती करनी पड़ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक अमीर देश अपनी आय का 3.5 फीसदी कर्ज चुकाने पर खर्च करते हैं। जबकि गरीब देशों को अपनी आय का 14 फीसदी खर्च करना पड़ता है। (आरएनएस)

# कांग्रेस नेता क्यों घबराए पीके से ?

कांग्रेस पार्टी में प्रशांत किशोर को लेकर घबराहट है। सोनिया और राहुल गांधी की कोटरी के नेता भी घबराए हैं तो ऐसे नेता भी परेशान हैं, जो पार्टी के दूसरे, तीसरे या उससे भी नीचे के रैंक में आते हैं। पार्टी नेताओं के अलावा कई स्वतंत्र विश्लेषक भी प्रशांत किशोर में कमी निकालने में लगे हैं। वे भी तरह तरह के तर्कों से बता रहे हैं कि पीके कोई जादू की छड़ी नहीं रखते हैं। वे यह भी बता रहे हैं कि इससे पहले जितने लोगों के साथ उन्होंने काम किया है वे वैसे भी जीतने वाले थे। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस-सपा गठबंधन के लिए काम करने और हार जाने का जिक्र भी किया जा रहा है।

सवाल है कि अगर प्रशांत किशोर कांग्रेस से जुड़ जाते हैं और 2०24 का चुनाव लड़वाते हैं तो इससे कौन सी आफत आ रही है? कांग्रेस वैसे भी सारे चुनाव हार रही है। 2०19 के लोकसभा चुनाव के बाद 17 राज्यों के चुनाव हुए हैं और कांग्रेस हर चुनाव हारी है। पिछले आठ साल में कांग्रेस 5० से ज्यादा चुनाव हार चुकी है। उत्तर प्रदेश में प्रशांत किशोर के रणनीतिकार रहते कांग्रेस की हार का तर्क देने वाले पता नहीं क्यों इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि जब पीके ने लड़वाया था तब सौ सीटें लड़ कर कांग्रेस को सात फीसदी वोट मिले थे और इस बार प्रियंका गांधी वाड्रा की कमान में कांग्रेस के दिग्गजों ने चुनाव लड़वाया तो चार सौ सीट लड़ कर कांग्रेस को ढाई फीसदी से भी कम वोट मिले हैं।

वैसे भी इन दिनों चुनाव बहुत बदल गया है और सभी पार्टियां चुनाव प्रबंधकों और रणनीतिकारों का इस्तेमाल कर रही हैं। कई लोग कह रहे हैं कि कांग्रेस के पास इतने दिग्गज हैं फिर प्रशांत किशोर की क्या जरूरत है। सवाल है कि भाजपा के पास क्या दिग्गजों की कमी थी, जो नरेंद्र मोदी ने पीके की सेवा ली? लालू-नीतीश क्या कम राजनीति समझते हैं, जो उन्होंने प्रशांत किशोर को चुनाव लड़वाने का जिम्मा दिया? ममता, स्टालिन, उद्धव या जगन को क्या राजनीति की समझ नहीं है, जो उन्होंने प्रशांत किशोर की सेवाएं ली? सो, कांग्रेस नेताओं को शुक्रगुजार होना चाहिए पीके का कि ऐसी स्थिति में भी वे कांग्रेस के साथ जुड़ने को तैयार हैं। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

-प्रबंधक विज्ञापन

# रोजाना एक गिलास नींबू पानी के सेवन से मिलते हैं कई स्वास्थ्य संबंधी फायदे

नींबू पानी का सेवन सिर्फ शरीर को हाइड्रेट रखने तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह कई तरह के स्वास्थ्य लाभ देने में भी सक्षम है। इसका मुख्य कारण यह है कि नींबू विटामिन- सी और कई ऐसे पोषक तत्वों से समृद्ध होता है, जो शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ कई बीमारियों के जोखिम कम करने में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। आइए आज जानते हैं कि रोजाना एक गिलास नींबू पानी पीने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।



पाचन क्रिया के लिए है लाभदायक

रिसर्चगेट की वेबसाइट पर प्रकाशित एक शोध के अनुसार, नींबू पानी में फाइबर मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया में सुधार के लिए बहुत लाभप्रद है। फाइबर शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को संतुलित करके पाचन क्रिया को बेहतर बनाने और पाचन संबंधित समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। पाचन को दुरुस्त रखने में हल्के गर्म नींबू पानी का सेवन करें और इसमें चीनी की जगह शहद मिलाएं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में है सहायक

नींबू पानी का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती प्रदान करने में काफी मदद कर सकता है।

एक शोध के मुताबिक, नींबू पानी विटामिन- सी का बेहतरीन स्रोत होता है, जो एंटी-ऑक्सीडेंट की तरह कार्य करके रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत कर सकता है। इसके अतिरिक्त, इसमें मौजूद एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और अन्य गुण शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति भी प्रदान करते हैं।

त्वचा के लिए भी है फायदेमंद

नींबू पानी न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि त्वचा के लिए भी लाभकारी साबित हो सकती हैं क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन-सी एक अच्छा एंटी-ऑक्सीडेंट तो होता ही है, इसके साथ ही यह त्वचा के लिए एक प्रभावी एस्ट्रिनजेंट की तरह भी काम करता है। एस्ट्रिनजेंट त्वचा के रोमछिद्रों को छोटा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, यह त्वचा से सीबम के स्राव को नियंत्रित करने में भी मददगार साबित हो सकता है।

ताजा सांस के लिए करें नींबू पानी का सेवन

नींबू पानी में एंटी-बैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं, जो मुंह के कीटाणुओं को दूर कर मुंह की बदबू से राहत दिलाने में सहायक होते हैं। इसके अलावा, नींबू पानी में मौजूद मेंथॉल की वजह से इससे ताजगी का एहसास मिलता है और इस वजह से माउथ फ्रेशनर के रूप में भी इसका सेवन किया जा सकता है। इन्हीं फायदों की वजह से नींबू पानी का सेवन मुंह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक माना जाता है।

# रणवीर और ऋतिक के साथ काम करना चाहती है ऐश्वर्या रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी ऐश्वर्या रजनीकांत 7 वर्ष के उपरांत निर्देशन की जिम्मेदारी संभालने के लिए निकल पड़ीं है। हाल ही में उन्हें कुछ हिंदी मूवी डायरेक्ट करने का ऑफर भी दिया गया था और उन्होंने बोला है कि उन्हें ऐसा करने में बहुत खुशी होने वाली है। ऐश्वर्या रजनीकांत ने यह भी बोला है कि वह ऋतिक रोशन और रणवीर सिंह जैसे सितारों के साथ काम करना चाह रही है। बता दें कि ऐश्वर्या रजनीकांत वर्क फ्रंट और अपनी निजी जिंदगी के चलते चर्चाओं में भी बनी हुई है।जब ऐश्वर्या रजनीकांत से पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी अपनी किसी मूवी में मेगा स्टार रजनीकांत को कास्ट करने के बारे में सोचा है तो उन्हें कभी भी ऐसा विचार आज तक नहीं आया। ऐश्वर्या ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा है कि वह अपने पिता की बहुत बड़ी फैन रहकर ही खुशी महसूस कर रही है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि अगर कभी उन्हें अपने पिता को किसी मूवी में लेने का मौका मिला तो वह चूकने वाली है।

खबरों की माने तो ऐश्वर्या पिछले दिनों अपने पति धनुष से अलग होने की खबरों को लेकर निरंतर चर्चाओं में बनी हुई थीं। बॉलीवुड और साउथ मूवी की सक्सेस के बारे में ऐश्वर्या ने बोला है कि भारतीय सिनेमा ने बहुत तरक्की की है और काफी तेजी से आगे बढ़ा है।

## शब्द सामर्थ्य -115

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक114का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | ट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

# फैन को बेहोश होता देख टाइगर श्रॉफ ने लगा लिया गले

हीरोपंती 2 की बात करें तो फिल्म 29 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। बॉलीवुड में अपनी हीरोपंती से सभी का दिल जीतने वाले टाइगर श्रॉफ इन दिनों फिल्म हीरोपंती 2 को लेकर सुर्खियों में है. जी हाँ और इसी के चलते अभिनेता फिल्म के प्रचार में व्यस्त हैं।

पिछले दिनों उन्हें और तारा सुतारिया को साथ एक कार्यक्रम में देखा गया था, हालाँकि इस इवेंट की लाइमलाइट टाइगर की एक फैन ले गई. जी दरअसल यह वह फैन है जो स्टेज पर टाइगर को देखकर लगभग बेहोश ही हो गईं। अब उसी दौरान का वीडियो सुर्खियों में है. इस वीडियो में टाइगर ने फैन को पास बुलाकर गले लगाया। अब इस समय यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जी दरअसल टाइगर इन दिनों जोर शोर से हीरोपंती 2 के प्रमोशन में लगे हुए हैं। यह वीडियो हाल ही में हुए इवेंट का है। आप देख सकते हैं इस वीडियो में भीड़ के बीच में टाइगर श्रॉफ की फीमेल फैन बेहोशी जैसी हालत में खड़ी है और उसके आसपास कुछ बाउंसर्स नजर आ रही हैं। वहीँ उसके बाद सब उस फैन को पानी पिलाने की कोशिश करती दिख रही हैं, लेकिन फैन सिर्फ टाइगर से एक बार मिलने की डिमांड करती है। वहीँ इसके बाद उस फैन को फिल्म से जुड़े क्रू और बाउंसर्स स्टेज तक टाइगर श्रॉफ के पास लेकर जाते हैं।

इस दौरान टाइगर उन्हें देखते हैं गले से लगा लेते हैं और कुछ बातें करते हैं। आप देख सकते हैं इस दौरान टाइगर के इस वीडियो को देखकर पब्लिक तालियां बजाने लगती है. इस समय सोशल मीडिया पर इस वीडियो ने हंगामा मचा दिया है.

# छोटी सी स्कर्ट पहन बॉयफ्रेंड संग दिखीं सुजैन खान, वीडियो वायरल

बॉलीवुड एक्टर ऋतिक रोशन की एक्स वाइफ सुजैन खान सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। आप सभी ने देखा होगा इन दिनों वह लगातार अपने फोटोज शेयर कर रहीं हैं जो फैंस के दिलों को जीत रहे हैं। अब हाल ही में सुजैन अपने कथित बॉयफ्रेंड अर्सलान गोनी के साथ गोवा में पार्टी करते दिखी थी। जी हाँ और इसी तरह से एक बार फिर से सुजैन और अर्सलान साथ में स्पॉट हुए।

जी दरअसल इन दोनों ने जैसे ही पैपराजी को देखा वैसे ही दोनों पोज देते हुए भी दिखे। इस वीडियो को विरल भयानी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। इसमें सुजैन खान और अर्सलान गोनी एक ही कार से उतरते दिखे। आप देख सकते हैं इस दौरान सुजैन ब्लैक आउटफिट में काफी स्टनिंग लगी। वहीँ सुजैन ने ब्लैक टॉप और छोटी सी स्कर्ट पहनी थी और अर्सलान व्हाइट शर्ट और डेनिम जींस में काफी स्मार्ट लगे। अब दोनों को देखने के बाद यूजर्स ने पूछना शुरू कर दिया है कि दोनों का अफेयर चल रहा है क्या? हालाँकि दोनों ने अब तक इस पर चुप्पी बनाई रखी है और दोनों कुछ बोलने को तैयार नहीं है।

वैसे ऋतिक रोशन भी इन दिनों चर्चाओं में है। वह सबा आजाद को डेट कर रहे हैं। दोनों को आए दिन एक-साथ देखा जाता है और दोनों अपने फोटोज के चलते सुर्खियों में बने रहते हैं। दोनों सुजैन के साथ भी देखा जा चुका है और दोनों को सुजैन के साथ पार्टी में अर्सलान के साथ देखा गया था। (आरएनएस)


# एक बार फिर ट्रोलर्स के निशाने पर आई शिल्पा शेट्टी

शिल्पा शेट्टी इंडस्ट्री की बहुत पॉपुलर स्टार हैं. सोशल मीडिया पोस्ट्स, पब्लिक अपीयरेंस और कई चीजों की वजह से शिल्पा शेट्टी चर्चाओं का विषय बनी रहती है. मंगलवार को अभिनेत्री मुंबई में स्पॉट हुईं. हमेशा शिल्पा शेट्टी को पैपराजी से बात करते और उन्हें पोज देते देखा आ चुका है, लेकिन इस बार शायद शिल्पा शेट्टी का मूड अच्छा नहीं था. पैपराजी को उन्होंने पोज देने से साफ़ मना का दिया. शिल्पा शेट्टी काफी थकी हुई दखाई दी. हालांकि, शिल्पा शेट्टी ने हल्की सी स्माइल पास करके पैपराजी को ग्रीट किया और साउथ सुपरस्टार यश की मूवी केजीएफ चैप्टर 2 की तारीफ भी की.

ट्रोल्स के निशाने पर आईं शिल्पा- कुछ लोगों ने शिल्पा शेट्टी को इस बात पर ट्रोल करना शुरू किया है. कई ने उनके पति राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी मामले के लिए ट्रोल कर दिया. एक यूजर ने लिखा, ओवरएक्टिंग की दुकान. एक और यूजर ने लिखा, ये बस अपने पति की बनाई मूवी देखती है. उसके बारे में पूछो तो पूरा एक्स्प्लेन करके बताएगी. एक यूजर ने तो शिल्पा शेट्टी को अनसक्सेसफुल अभिनेत्री तक कह डाला.

जबसे राज कुंद्रा पोर्नोग्राफी मामले के सिलसिले में जमानत पर बाहर आए हैं, तभी से ट्रोल्स के निशाने पर शिल्पा शेट्टी आ चुकी है. खुद को शिल्पा शेट्टी पिछले कुछ वक्त से बहुत लो प्रोफाइल रख रही हैं. हालांकि, वह अपनी नॉर्मल लाइफ में वापस आ चुकी है और इंडस्ट्री के अंदर वह काफी सक्रीय दिखाई देती है. हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने रोहित शेट्टी के ह्ल्ल्ल सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में हाजिरी दर्ज कराई है. इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा और विवेक ओबेरॉय भी दिखाई देने वाले है.

# हिंदी भाषा विवाद पर सोनू सूद ने दी दिल जीत लेने वाली प्रतिक्रिया



सुपरस्टार किच्चा सुदीप इन दिनों अपने एक बयान के लिए सुर्ख़ियों में हैं। जी दरअसल उनके एक बयान ने साउथ और नॉर्थ फिल्म इंडस्ट्री में बवाल मचा दिया है। आपको बता दें कि हिंदी को राष्ट्रीय भाषा ना मानने वाले किच्चा सुदीप के इस बयान पर फिल्म इंडस्ट्री दो गुटों में बंट गई है। जी हाँ और किच्चा सुदीप के इस बयान को तब सबसे ज्यादा सुर्खिया मिली जब सुपरस्टार अजय देवगन ने इस पर रिएक्ट किया। दरअसल इन दोनों के बीच बुधवार को ट्विटर वॉर चली। वहीं अब इस मामले पर सोनू सूद का रिएक्शन सामने आया है।

जी दरअसल सोनू सूद बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ इंडियन फिल्मों में भी एक्टिव हैं। जी हाँ और वह पिछले कई सालों से साउथ इंडस्ट्री में काम कर रहे हैं। अब आज हिंदी विवाद पर सोनू सूद ने इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में कहा- मुझे नहीं लगता हिंदी को बस राष्ट्रीय भाषा कहा जा सकता है। भारत की एक भाषा है, जो है एंटरटेनमेंट। इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन सी इंडस्ट्री से आते हैं। अगर आप लोगों को एंटरटेन करते हैं तो वे आपसे प्यार करेंगे। आपका सम्मान करेंगे और आपको स्वीकार करेंगे। इसी के साथ सोनू सूद ने साउथ फिल्मों की सक्सेस पर भी बात की।

उन्होंने कहा- साउथ फिल्मों की सफलता हिंदी मूवीज के बनने का तरीका चेंज करेगी। इसके अलावा सोनू सूद का कहना है कि, अब फिल्ममेकर्स को दर्शकों की सेंसिबिलिटी को समझने की जरूरत है। वो दिन चले गए जब लोग कहते थे कि अपना दिमाग छोड़कर मूवी देखने आओ। अब लोग अपना दिमाग पीछे नहीं छोड़ते और एक एवरेज फिल्म पर अपने हजारों रुपये खर्च नहीं करते। केवल अच्छे सिनेमा को स्वीकारा जाएगा। काम के बारे में बात करें तो जल्द ही सोनू सूद एक तेलुगू मूवी आचार्य में नजर आएंगे। वहीं इसके बाद वे तमिल फिल्म थमिलारसन में दिखेंगे।

# बेटी के बॉलीवुड में डेब्यू को लेकर अजय ने कही ये बड़ी बात



बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की बेटी न्यासा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी हुई है। कभी उनकी कोई फोटो वायरल हो जाती है, तो कभी वो पार्टी में जाते हुए नज़र आती है। ख़बरों की माने तो न्यासा ने हाल ही में अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया। जिसकी फोटोज खूब वायरल हुई थी। इसी दौरान काजोल और अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर एक बड़ी खबर सुनने के लिए मिली है।

बॉलीवुड में डब्यू नहीं करेंगी न्यासा- बॉलीवुड स्टार एक्टर अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा को लेकर रोज कुछ न कुछ नया सुनने के लिए मिल ही जाता है। अभी जब हाल में उन्होंने अपना 19वां बर्थडे सेलिब्रेट किया था, तो उसकी फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल होने लगी थी। इन फोटोज को लेकर खूब बातें भी हुई। अजय देवगन की बेटी न्यासा को लेकर कई दिनों से बोला जा रहा था कि वो जल्द ही बॉलीवुड में डब्यू कर सकती है। जिसको लेकर अब न्यासा के पिता अजय देवगन ने एक साक्षत्कार के बीच खुलासा किया था कि आवश्यकता नहीं है उनकी बेटी बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली है। जिसके आगे अजय ने बोला है कि उन्होंने अपने बच्चों को कभी किसी काम के लिए फोर्स नहीं किया है। जिसके उपरांत अजय का एक और साक्षत्कार खूब चर्चा में बना हुआ है। जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी बेटी को बॉलीवुड में कार्य करने की कोई चाह नहीं है। लेकिन कभी भी कुछ भी बदल सकता है। बोनी कपूर के बेटी ने किया डेब्यू- अभी हाल में बॉलीवुड के जाने-माने प्रोड्यूसर बोनी कपूर की बेटी अंशुला कपूर ने भी अपने बॉलीवुड डेब्यू को लेकर बड़ी बात कही है। अंशुला कपूर जल्द ही आपको लव रंजन की मूवी में दिखाई देने वाली है।(आरएनएस)

# मुंबई एयरपोर्ट पर दिखा नोरा का कूल लुक



इंडस्ट्री में ऐसी कई हसीनाएं जिन्हें देख ऐसा लगता है कि फैशन को खुद उनके साथ रहना अच्छा लगता है। इस लिस्ट में दिलबर गर्ल यानि अभिनेत्री नोरा फतेही का नाम भी शामिल हो चुका है। नोरा फतेही बी-टाउन में खुद को नए फैशन आइकन के रूप में स्थापित कर चुकी है। नोरा को स्टाइल में रहने के लिए किसी खास अवसर की प्रतीक्षा नहीं करतीं बल्कि उनका हर एक लुक बहुत कमाल का होता है।

फिर चाहे नोरा घर का सामान खरीदने बाहर निकलीं हो या फिर एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई हों उनका लुक अक्सर ही हॉट टॉपिक बन ही जाता है। हाल ही में नोरा को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया जा चुका है। इस बीच उनका स्टाइलिश लुक देखने के लिए मिला है। लुक्स के बारें में बात की जाए तो नोरा ब्लैक कलर का टाइट फिटेड स्कर्ट और क्रॉप टॉप में बहुत हॉट दिख रही है। उनके इस आउटफिट में पर व्हाइट एंड ग्रीन कलर के फूल बने हुए थे। इस आउटफिट के साथ एक्ट्रेस ने ब्लैक शेड्स लगाए थे जो जो उनके लुक को और भी स्टाइलिश बनाने का काम भी कर रहे है।

मिनिमल मेकअप, न्यूड शेड लिपस्टिक और ओपन हेयर्स उनके लुक को परफेक्ट बनाने का काम कर रही है। एयरपोर्ट पर नोरा का ये किलर लुक हर किसी को हैरान कर रहा है। फैंस नोरा की इन फोटोज को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं।

वर्कफ्रंट के बारें में बात की जाए तो नोरा इन दिनों कलर्स के डांस रिएलिटी शो डांस दीवाने जूनियर में बतौर जज दिखाई दे रहा है शो में उनके साथ नीतू कपूर और कोरियोग्राफर मर्जी भी हैं।

# राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित हुए संजय श्रीवास्तव और पुरुषोत्तम भट्ट

हरिद्वार (कासं)। सामाजिक क्षेत्र और मीडिया के माध्यम से आम जन की समस्याओं को उठाने को लेकर संजय श्रीवास्तव को और सामाजिक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने को लेकर पुरुषोत्तम भट्ट को राष्ट्रीय गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। हरिद्वार में इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल अरगनाइजेसन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कई प्रदेश के लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम को मुख्यअतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहाँ की मानवाधिकार के लिए संघर्ष करना ही हमारा कर्तव्य है अगर किसी व्यक्ति के अधिकारो का हनन हो रहा है उसे प्रताड़ित किया जा रहा है तो उस विषय को उठाना हमारी प्राथमिकताओं में होना चाहिए। इंटरनेशनल ह्यूमन राइट एंड क्राइम कंट्रोल अरगनाइजेसन के चेयरमैन मोहित नवानी ने बताया की पिछले दिनो कोरोना काल के दौरान समाज के ज़रूरत मंद लोगों तक मदद पहुँचाने के लिए अपना परिवार के सम्मानित किया जा रहा है वही उन्होंने कहा की आज के दौर में जब सत्य की लड़ाई में कोई आगे नही आ रहा है ऐसे में मीडिया के माध्यम से सत्य को सामने लाकर न्याय तक पहुँचाने के लिए यहाँ मीडिया जगत के लोगों को सम्मानित किया गया है।



उन्होंने कहा आज देश में सबसे बड़ा संकट धर्म पर है जिसे बचाने के लिए हम सब को एक मंच पर आना होगा। अपना परिवार के अध्यक्ष पुरुषोत्तम भट्ट ने मोहित नवानी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा की सामाजिक कार्यों को पहचानना और उन्हें प्रोत्साहित करना ज़रूरी है क्यूँकि कोरोना महामारी के दौरान अगर समाजसेवी संस्थाएँ न होती तो देश का ज़्यादा नुक़सान होता इसलिए ज़रूरी है आज साथ खड़े होने की।

वीआईपी न्यूज़ हेड और आईएफडब्लूजे के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने कहाँ ये सम्मान इंसान की ज़िम्मेदारीयो के बढ़ाने का ही माध्यम होता है इस लिए मीडिया की भी माध्यम बना कर लोगों को न्याय दिलाने के साथ मदद की जा सकती है। आरवीपी के कार्यवाहक अध्यक्ष रविशरण ने सभी राष्ट्रीय गौरव से सम्मानित किए गए लोगों को बधाई देते हुए राष्ट्र के लिए समर्पण के साथ काम करने की बात कही।

कार्यक्रम में दिल्ली, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, हरियाणा सहित कई प्रदेश के लोगों ने भाग लिया।

## सू- दोकू क्र.115

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.114का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

# सहस्त्रधारा रोड चौड़ीकरण हेतु प्रस्तावित 220 पेड़ों के काटे जाने के विरुद्ध आक्रोश जताया

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। पर्यावरण बचाओ अभियान के अंतर्गत सिटीजन फॉर ग्रीन दून की पहल पर दून की सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहस्त्रधारा रोड चौड़ीकरण हेतु प्रस्तावित २२० पेड़ों के काटे जाने के विरुद्ध अपना आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में, पर्यावरण को हुए नुकसान के मूल्यांकन तथा इसकी भरपाई पर नियंत्रण हेतु बनाई गई कमेटी में नियुक्त हैसको के संस्थापक पदम भूषण डॉक्टर अनिल जोशी दून में प्रस्तावित एक्सप्रेस रोड के निर्माण मे सम्भावित पर्यावरण क्षति को रोकने में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का निर्वाह करेगे यह पर्यावरण प्रेमीजनों की उम्मीदें हैं।




वक्ताओं ने कहा दून में आग उगलती गर्मी और रेड अलर्ट की चेतावनियो का मूल कारण दून की आबोहवा में उगते कंक्रीट के जंगल हैं। उन्होंने कहा कि जनसंख्या के दबाव और बढ़ते वाहनों की संख्या के कारण शहर की भीतरी सड़कों पर दबाव बढ़ता जा रहा है। यातायात जाम का कारण सड़कों की ३० बोटलनेको का ना खोला जाना और चौराहों का चौड़ीकरण ना होना, सड़कों का क्षतिग्रस्त होना और इन पर अतिक्रमण हैं।इस सम्बन्ध मे तत्काल कदम उठाए जाने जरूरी है।शहर में एलिवेटेड रोड बनाकर यातायात जाम से निपटा जा सकता है।

वक्ताओं ने कहा भावी मानसून में अधिकारियों को बड़े स्तर पर वृक्षारोपण की योजनाएं बनाते हुए रिस्पना बिंदाल के किनारे रिवर डेवलपमेंट फ्रंट योजना के अंतर्गत विकसित विशाल भूभाग पर घने जंगल विकसित करने के लिए वृक्षारोपण किया जाना जरूरी है जिससे यहां की आबोहवा स्वच्छ बनाते हुए प्रदूषण को खत्म किए जाने में मदद मिलेगी। वक्ताओं में सिटीजन फॉर ग्रीन दून के हिमांशु अरोड़ा,संयुक्तनागरिकसंगठन के ब्रिगेडियर केजीबहल,गवर्नमेंट पेंशनर संगठन के चौधरी ओमवीर सिंह, नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एण्ड स्टूडेंट्स राइट्स केआरिफ खान,द अर्थ एण्ड क्लाइमेट इनिशियेटिव की आंचल शर्मा,छोटी सी दुनिया के विजय राज, उत्तराखंड महिला मंच की कमला पंत, निर्मला बिष्ट,समानता मंच के जेपी कुकरेती,दून फूड रिलीफ फंड के जितेंद्र डडोना, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म के मनोज ध्यानी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के मुकेश नारायण शर्मा, सोशल जस्टिस फाउंडेशन की आशा टम्टा, बैंक एम्पलाइज यूनियन के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन मेंदीरत्ता, समाजसेवी उमा सिसोदिया, जयासिंह, ओएस ओहरी, आकाशझा,पुष्पम सिंगल, शकुंतला गोसाई, ताराचंद गुप्ता, हर्ष वत्स व आचल शर्मा शकुंतला गोसाई त्रिलोचन भट्ट आदि थे।

# देहरादून डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की आम सभा का चुनाव संपन्न

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। देहरादून डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की आम सभा का चुनाव राजपुर रोड स्तिथित एक होटल में चुनाव अधिकारी विनय गोयल एवम् राजेश सिंघल की देख रेख में संपन्न हुए। चुनाव में राजेंद्र गोयल प्रधान पद हेतु एवम् राजकुमार रेखीं को महामंत्री पद हेतु सर्वसम्मति से चुना गया। आम सभा में पुनीत मित्तल, विवेक अग्रवाल, सुधीर, गोपाल, अजय गर्ग, सुधीर दुआ पार्थ पुंडीर आदि उपस्थित थे।




# देश में 'नासवी' द्वारा चलाए जा रहे संघर्ष का किया समर्थन

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। मजदूर दिवस के अवसर पर नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) के आव्हान पर लघु व्यापार एसो. की रेड़ी पटरी के मेहनतकश स्ट्रीट वेंडर्स ने रेलवे स्टेशन प्रांगण में बैठक कर नासवी द्वारा भारतवर्ष में चलाए जा रहे हैं संघर्ष का समर्थन कर निर्णय लिया ०१ मई से १५ मई तक ट्विटर हैंडल, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी से अपील की जाएगी राष्ट्रीय पथ विक्रेता संरक्षण अधिनियम के क्रियान्वयन के साथ नगर निकायों की जवाबदेही पुलिसिया उत्पीड़न व जगह–जगह अतिक्रमण के नाम पर रेडी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स को उनके कारोबारी स्थलों से हटाए जाने के विषय पर स्थानीय प्रशासन पर लक्ष्य के साथ जिम्मेदारी सुनिश्चित करने पर कदम उठाए जाएं।



इस अवसर पर लघु व्यापार एसो. के प्रांतीय अध्यक्ष, नासवी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय चोपड़ा ने कहा नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया (नासवी) द्वारा भारतवर्ष के १०,००० रेडी पटरी के संगठनों के साथ ०१ मई से १५ मई तक अपने–अपने राज्यों शहर, गांव पट्टी इत्यादि क्षेत्रों में संगठित स्ट्रीट वेंडर्स धरने प्रदर्शनों के माध्यम से राष्ट्रीय पत्र विक्रेता संरक्षण अधिनियम को पूरे देश में लागू करने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

उन्होंने यह भी कहा रेडी पटरी वालों के लिए बने संरक्षण कानून को ०८ वर्ष हो चले हैं लेकिन राज्य सरकारों की इच्छाशक्ति ना होने के कारण रेडी पटरी के (स्ट्रीट वंडर्स) लघु व्यापारियों को प्रधानमंत्री कार्यालय से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है जोकि चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि १५ मई के उपरांत नासवी द्वारा जो भी निर्णय लिए जाएंगे उसका लघु व्यापार एसोसिएशन पूर्ण समर्थन करेगा।

श्रम दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन प्रांगण में (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों की बैठक में सम्मलित हुए लाल चंद गुप्ता, विजय कुमार, राजेंद्र पाल, मनोज कुमार, कमल सिंह, वीर सिंह, धर्मपाल कश्यप, दिलीप कुमार, अशोक शर्मा, मोहन पाल, जीत सिंह, प्रकाश चंद, मानसिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# गौ वशं तस्करी में एक गिरफ्तार, एक फरार




हमारे संवाददाता

हरिद्वार। गौ वशं तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने कल देर रात दो जिंदा गौ वशं व तस्करी में प्रयुक्त टाटा मैजिक सहित गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि आरोपी का साथी फरार होने में सफल रहा जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना भगवानपुर पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ गौवशं तस्कर आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को एक संदिग्ध वाहन (छोटा हाथी) आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रोकना चाहा तो चालक के साथ बैठा व्यक्ति कूद कर फरार हो गया। वाहन को सुशील पुत्र पालीराम निवासी गांव कुतुबपुर थाना सरसावा जिला सहारनपुर चला रहा था। शक होने पर पुलिस ने जब वाहन की तलाशी ली तो उसमें रखे गये दो गौवशं बरामद हुए। पूछताछ में उसने फरार होने वाले अपने साथी का नाम मुर्तजा निवासी सिकरोढ़ा बताया। बताया कि मै और मेरा साथी मुर्तजा इन गायो को नकुड सहारनपुर से खरीद कर लाये थे जिन्हे हम छोटा हाथी मे बांधकर गौकशी के लिये ग्राम सिकरोडा बेचने जा रहे थे। बहरहाल पुलिस ने सुशील को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। जबकि फरार मुर्तजा की तलाश जारी है।



# चाकू से गोदकर की थी हत्या, गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। लेन देन के विवाद में चाकू से हत्या कर फरार हुए हत्यारोंपी को पुलिस ने देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू, एक स्कूटी व दो मोबाइल फोन भी बरामद किये गये है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर इंकपाल सिंह पुत्र ओमदास निवासी वाल्मिीकि बस्ती ज्वालापुर द्वारा कोतवाली ज्वालापुर में तहरीर देकर बताया गया कि राहुल नाम के व्यक्ति द्वारा उनके भतीजे राजू पुत्र अशोक की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी है तथा वह मौके से फरार हो गया है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने तत्काल हत्या का मुकदमा दर्ज कर हत्यारोपी की तलाश शुरू कर दी गयी। हत्यारोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम को कल देर शाम सूचना मिली कि हत्यारोपी व्यक्ति नहर पटरी की तरफ से आने वाला है। तथा वह कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने रेगुलेटर पुल के समीप चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को स्कूटी सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो वह स्कूटी मोड़कर भागने लगा। इस पर उसे घेर कर दबोचा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राहुल पुत्र अशोक बताया। बताया कि मृतक राजू ने उसके पैसे देने थे। मैने राजू से जब अपने पैसे वापस मांगे तो पहले उसने मना कर दिया। फिर बाद में वह मारपीट कर गला दबाने लगा। जब मुझे लगा कि यह मुझे मार डालेगा तो फिर मैने चाकू निकालकर उसे मार डाला। पुलिस ने हत्यारे राहुल की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू, कपड़े व दो मोबाइल भी बरामद किये गये है।

# मां डाट काली सिद्ध पीठ की 219वें वार्षिकोत्सव की तिथि घोषित

नगर संवाददाता

देहरादून। मां डाट काली मनोकामना सिद्ध पीठ की एक बैठक आज मंदिर परिसर में संपन्न हुई, बैठक की अध्यक्षता महंत रमन प्रसाद गोस्वामी ने की। इस अवसर पर मंदिर सेवा दल के सभी सेवादार मौजूद रहे।



बैठक से पूर्व मां डाट काली सिद्ध पीठ के 219वें वार्षिकोत्सव की तिथि घोषित करने के लिए पूजा अर्चना की गई। इसके उपरांत महंत द्वारा वार्षिक उत्सव की तिथि सभी भक्तों को सुनाई गई। महंत द्वारा बताया गया कि प्रत्येक वर्ष आषाढ मास की शुक्ल पक्ष की अष्टमी को मां का एक भव्य जागरण एवं नवमी तिथि को विशाल भंडारे का आयोजन होगा। मंदिर सेवा दल के प्रमुख सेवादार गौरव कुमार ने बताया कि इस वर्ष 3 जुलाई को भैरव पूजा, 4 जुलाई को शिव पूजा, 5 जुलाई को सुंदरकांड, 6 जुलाई को नगर परिक्रमा, 7 जुलाई को भव्य जागरण व 8 जुलाई को विशाल भंडारें के आयोजन के साथ 219 वां वार्षिकोत्सव संपन्न होगा।

इस अवसर पर संयम गोस्वामी, दिनेश अग्रवाल ,नरसिंह दास, हरीश, श्रवण वर्मा, नीरज गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मुनस्यारी में गुलाब की खेती को लेकर ग्रामीण स्तर पर बैठक का आयोजन

कार्यालय संवाददाता

मुनस्यारी। हिमनगरी मुनस्यारी में गुलाब की खेती की योजना को धरातल में उतारने के लिए ग्रामीण स्तर पर बैठके आज से शुरू हो गई है। आज ग्राम पंचायत बूंगा तथा मल्ला घोरपट्टा के महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की बैठक हुई जिसमें काश्तकारों का चयन किया गया।



विकासखंड के सभागार में आयोजित दो ग्राम पंचायतों के महिला स्वयं सहायता समूह की बैठक में सहायक विकास अधिकारी उद्यान कमल पंत ने उद्यान विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सब्जी उत्पादन की असीम संभावनाएं है।

बंदर एवं लंगूरों से सब्जी को बचाने के लिए नेट नेट सिस्टम का उपयोग किया जा सकता है।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि इन ३ वर्षो के भीतर महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गांव को स्वरोजगार के लिए खड़ा करने का अभियान जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्वरोजगार की संभावनाओं को देखते हुए विशेषज्ञों को बुलाकर संभावना एक खोजी जा रही है, ताकि क्षेत्र के लोग अपने ही गांव में अपने द्वारा तैयार की गई रोजगार से अपनी आजीविका को चला सके। इस मौके पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने गुलाब की खेती तथा उद्यान के लिए अपने नाम सूचीबद्ध किया।

इस मौके पर उद्यान विभाग के जगदीश नित्वाल ने परंपरागत खेती के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार, नवीन रावत एनआरएलएम की ज्योति सहित दो ग्राम पंचायतों के महिला सदस्य मौजूद थे।

# मकवाना को राज्यसभा सदस्य मनोनित करने की माँग

संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रीय बाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा ने पूर्व राज्यमंत्री भगवत प्रसाद मकवाना को राज्यसभा सदस्य मनोनित करने की मांग की।

आज यहां राष्ट्रीय वाल्मीकि क्रांतिकारी मोर्चा(उत्तराखंड) के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र केसला के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में उत्तराखंड में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रदीप टम्टा के कार्यकाल पूर्ण होने पर रिक्त होने वाली सीट पर मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, पूर्व चेयरमैन सफाई कर्मचारी आयोग उत्तराखंड सरकार, पूर्व निदेशक एनएचपीसी ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार, पूर्व सदस्य सेंट्रल मॉनिटरिंग कमेटी सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा कई राज्यों के अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रभारी के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेता के रूप में वर्षों से सेवा करते आ रहे हैं स्वच्छ एवं इमानदार छवि के राष्ट्रीय वाल्मीकि एवं दलित नेता भगवत प्रसाद मकवाना को उत्तराखंड की रिक्त होने वाली राज्यसभा की सीट पर मनोनीत करने की संगठन ने प्रस्ताव पारित करके भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रधानमंत्री से पुरजोर मांग की। मोर्चा के पदाधिकारियों ने बैठक में अपने संबोधन में कहा कि वाल्मीकि समाज उत्तराखंड और देश में भारतीय जनता पार्टी और नरेंद्र मोदी के साथ मजबूती से खड़ा हुआ है जहां स्वच्छ भारत अभियान को सफल करने में सफाई कर्मचारी वर्ग अपना योगदान देता है वही कोरोना महामारी के दौरान उत्तराखंड सहित पूरे देश में सफाई कर्मचारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया पिछले तीन विधानसभा चुनाव में 2012, 2017 एवं 2022 में राज्य की विध ानसभा के चुनावों में किसी भी आरक्षित सीट से बाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि को भारतीय जनता पार्टी द्वारा टिकट नहीं दिया गया इसलिए राज्यसभा में भगवत प्रसाद मकवाना जैसे शिक्षित निष्ठावान एवं समर्पित सामाजिक एवं श्रमिक एवं भारतीय जनता पार्टी के दलित नेता के रूप में वर्षों से सेवा करने वाले मकवाना को पार्टी नेतृत्व को राज्यसभा में भेजकर बाल्मीकि समाज एवं अनुसूचित समाज को सम्मान दिए जाने की वाल्मीकि समाज एवं अनुसूचित समाज पुरजोर मांग करता है। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री राजेश राजोरिया, अरुण चौहान, धर्मपाल, राजेंद्र मोहन केसला, मदन बाल्मीकि, विनोद कुमार, राजीव राजौरी, सोनू गहलोत, सुनील कुमार, श्रीमती अनिका क्षेत्री, राजेंद्र मचल, विशाल कुमार(सभासद कावली रोड) संजय कांगड़ा, मनोज बाल्मीकि, संदीप चौहान अर्जुन गहलोत, राजेश चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।



## एक नजर

# पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने कुमार विश्वास को गिरफ्तारी से दी राहत !

नई दिल्ली । पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता और मशहूर कवि कुमार विश्वास को बड़ी राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। दरअसल विश्वास पर पंजाब विधानसभा चुनाव से ठीक पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिए बयान पर यह कार्रवाई की जा रही है। विश्वास ने आप संयोजक अरविंद केजरीवाल पर विधानसभा चुनाव से ठीक पहले खालिस्तानी तत्वों के साथ समझौता करने का आरोप लगाया था। पंजाब पुलिस की एक टीम के दौरे



के बारे में बात करते हुए उन्होंने लिखा था, पंजाब पुलिस आज सुबह मेरे घर पहुंची है। मैं भगवंत मान को चेतावनी दे रहा हूं, जिन्हें (आप) पार्टी में लाने के लिए मैं जिम्मेदार था। आप दिल्ली में बैठे एक आदमी को पंजाब के लोगों में निहित शक्ति के साथ खेलने की अनुमति दे रहे हैं। वह (अरविंद केजरीवाल) भविष्य में आपको और पंजाब को धोखा देंगे। बस मेरी चेतावनी याद रखना। बता दें कि कुमार विश्वास ने अरविंद केजरीवाल पर आरोप लगते हुए कहा था कि उनके अलगाववादियों और खालिस्तानियों से संबंध है।

# पूर्व पेट्रोलियम सचिव तरुण कपूर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार नियुक्त

नई दिल्ली। पूर्व पेट्रोलियम सचिव तरूण कपूर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सलाहकार नियुक्त किया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। कपूर, भारतीय प्रशासनिक सेवा के १९८७ बैच के हिमाचल प्रदेश कैडर के अधिकारी हैं। वह ३० नवंबर २०२१ को पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अधिसूचना के मुताबिक, कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में कपूर की नियुक्ति



को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति दो साल की अवधि के लिए हुई है। वरिष्ठ नौकरशाह हरि रंजन राव और आतिश चंद्र को प्रधानमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। राव मध्य प्रदेश कैडर के १९९४ बैच के आईएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह दूरसंचार विभाग में यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड में प्रशासक के पद पर हैं। आतिश चंद्र राव बिहार कैडर के अधिकारी हैं। वह भारतीय खाद्य निगम के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के पद पर तैनात हैं। १९९४ बैच के आईएएस अधिकारी चंद्र कृषि, सहयोग और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव भी रह चुके हैं।

# कोविड वैक्सीन किसी को जबरन नहीं लगा सकते!

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड–१९ वैक्सीन को लेकर बड़ा फैसला दिया है। कोर्ट का कहना है कि किसी भी व्यक्ति को टीकाकरण के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है। कोर्ट यह भी कहता है कि वह संतुष्ट है कि मौजूदा वैक्सीन नीति को अनुचित और स्पष्ट रूप से मनमाना नहीं कहा जा सकता है। कोर्ट का ये भी कहना है कि सरकार नीति बना सकती है और जनता की भलाई के लिए कुछ शर्तें लगा सकती है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि



कुछ राज्य सरकारों द्वारा लगाई गई शर्त, सार्वजनिक स्थानों पर गैर–टीकाकरण वाले लोगों की पहुंच को प्रतिबंधित करने वाले संगठन आनुपातिक नहीं हैं और वर्तमान मौजूदा परिस्थितियों में वापस बुलाए जाने चाहिए। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को कोविड–१९ टीकाकरण के प्रतिकूल प्रभावों पर डेटा सार्वजनिक करने का भी निर्देश दिया है। वहीं, कोर्ट का कहना है कि संविधान के तहत शारीरिक स्वायत्तता और अखंडता की रक्षा की जाती है और किसी को भी टीकाकरण कराने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता है। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट में वैक्सीन को अनिवार्य बनाने के खिलाफ और क्लीनिकल डेटा सार्वजनिक करने की मांग को लेकर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह टीकाकरण के पूर्व सदस्य डॉ जैकब पुलियल ने याचिका दाखिल की है। इसके अलावा कोर्ट में दिल्ली, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र के कोविड वैक्सीन अनिवार्य करने के खिलाफ अर्जी दाखिल की गई है।

# चारधाम की मंगल यात्रा का शुभारंभ कल

विशेष संवाददाता

देहरादून। इंतजार की घड़ियां खत्म, कल से शुरू हो जाएगी चार धाम यात्रा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। इस बार की चार धाम यात्रा ऐतिहासिक होगी तथा किसी यात्री को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी।

कल अक्षय तृतीय के अवसर पर गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ ही चार धाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो जाएगी। दो साल कोरोना के कारण प्रभावित रही चार धाम यात्रा को लेकर सरकार ही नहीं श्रद्धालुओं और व्यवसायियों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है अब तक चार धाम यात्रा के लिए ढाई लाख के लगभग लोग अपना रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। सबसे ज्यादा रजिस्ट्रेशन केदारनाथ यात्रा के लिए कराए गए हैं जो अब डेढ़ लाख के लगभग हैं। गंगोत्री व यमुनोत्री के लिए 47 हजार और 48 हजार श्रद्धालुओं ने अपने



❑इस बार ऐतिहासिक होगी चार धाम यात्रा

❑यात्रा की सभी तैयारियां पूरी है

रजिस्ट्रेशन कराए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी स्तर पर जहां सरकार ने यात्रा की सभी तैयारियां की गई हैं वहीं कई सामाजिक संगठन भी यात्रा की व्यवस्थाओं के लिए सहयोग कर रहे हैं। आज ही एक सामाजिक संस्था ने डॉक्टरों की एक टीम और एंबुलेंस भेजी है। उन्होंने कहा कि इस बार चार धाम यात्रा पर रिकॉर्ड श्रद्धालु आएंगे। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश में यात्रा टर्मिनल बनाया गया है और यहां से यात्रियों के चार धाम जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि हम सभी विभागों के साथ संपर्क बनाकर रखे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि 6 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे तथा 8 मई को बद्रीनाथ धाम के कपाट खुल जाएंगे। पुलिस विभाग की यात्रा मार्गों पर तैनाती की जा चुकी है सभी यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है तथा उन्हें क्यू आर नंबर भी दिया जा रहा है। पुलिस द्वारा यात्रा मार्गों पर ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है जिसमें यात्रियों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को फिलहाल किसी तरह की कोरोना जांच जरूरत नहीं है। लेकिन मास्क और सैनिटाइजर को अनिवार्य किया गया है। हेली सेवाओं और होटलों में ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई है।

## ट्रक की चपेट में आकर बाईक सवार की मौत

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर मोटरसाईकिल सवार की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपावाला सेलाकुई निवासी युद्धवीर सिंह नेगी ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 30 अप्रैल को उसका लडका अंकित नेगी प्रेमनगर की तरफ से राजावाला अपनी मोटर साईकिल से आ रहा था कि कैरी गाँव पैट्रोल पम्प के पास ट्रक ने लापरवाही व तेजी से चालक द्वारा चलाते हुए मेरे बेटे की मोटर साईकल को टक्कर मार दी जिससे अंकित नेगी की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आर्डिनेंस फैक्ट्री के चिकित्सक के घर लाखों की चोरी

संवाददाता

देहरादून। आर्डिनेंस फैक्ट्री के मुख्य चिकित्साधिक्षक के घर चोरों ने ताला तोड लाखों के जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसारन डाँ० रवि कुमार दिवेदीवरिष्ठ चिकित्साधिकारी आयुध निर्माणी ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ 29 अप्रैलस को कोटद्वार के लिये निकले आज सुबह साढे सात बजे पर सर्वेन्ट द्वारा सूचना मिलने पर हम जब घर आये तो लगभग साढे आठ बजे घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर का ताला खुला था सब सामान फैला था और बेड से सारी जेवरात गायब थे। जिसकी सूची वह बाद मे उपलब्ध करा देगे। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# न्याय जनता की भाषा में हो, मोदी की सोच सराहनीय

विशेष संवाददाता

देहरादून। हिंदी से न्याय अभियान के अभियान प्रणेयता न्यायविद चंद्रशेखर, मनीष मित्तल और धर्मेंद्र डोडी ने प्रधानमंत्री मोदी के उस वक्तव्य का स्वागत करते हुए कहा कि इससे न्याय और हिंदी भाषा दोनों की प्रगति होगी। प्रधानमंत्री ने न्यायाधीशों व मुख्यमंत्रियों के सेमिनार में कहा था कि न्याय सरल भाषा में होना चाहिए जिसे जनता आसानी से समझ सके।

भले ही हम भारत के लोग आजादी के बाद से हिंदू-हिंदी और हिंदुस्तान की बात करते हो लेकिन क्षेत्रीय भाषा और बोली की विविधता के कारण वैचारिक तकरार हमेशा ही बनी रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भले ही अपने वक्तव्य में किसी एक भाषा की बात न की हो या राष्ट्रीय भाषा की बात न की हो लेकिन भारत की जो एक जुबान है वह हिंदी ही है। देश की कुल आबादी के 40 फीसदी लोग हिंदी बोलने, लिखने और पढ़ने में अपने आप को सहज महसूस करते हैं जिसकी संख्या अन्य भाषा-भाषियों की तुलना में कहीं अधिक है। ऐसी स्थिति में अगर प्रधानमंत्री न्यायपालिका को यह कह रहे हो कि किसी देश के स्वराज का आधार न्याय होता है और जनता की भाषा में न्याय होना चाहिए जिसे आम आदमी आसानी से समझ सके तो यह बड़ी बात है। जब देश आजादी का अमृत उत्सव मना रहा है तब हिंदी से न्याय की बात क्यों नहीं होनी चाहिए। पीएम का वक्तव्य स्वागत योग्य है।

# जलता हुआ पेड़ गिरने से भतीजे की मौत चाचा गम्भीर रूप से घायल

संवाददाता

किच्छा। जलता पेड मोटरसाईकिल सवार चाचा भतीजे पर गिरा जिससे भतीजे की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि चाचा गम्भीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश के बरेली लहसोई बहेड़ी निवासी मौहम्मद उवेस उम्र 29 वर्ष पुत्र मौहम्मद हनीफ अपने चाचा मौहम्मद रफीक को दवा लेने के लिये रुद्रपुर जा रहा था। लालपुर-खमरिया के पास खेत मे गेहूं की नरई में आग लगाने के बाद सड़क किनारे सूखे पेड़ ने भी आग पकड़ ली और उसकी जड़ सुलग गयी जिससे पेड़ की जड़ कमजोर हो चुकी थी कि इसी बीच उक्त दोनों चाचा भतीजे बाइक से जा रहे थे कि पेड़ सीधे उवेस के सिर पर गिर गया जिस कारण उसका सिर फट गया तथा उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में चाचा रफीक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे रुद्रपुर के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुच गई तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। इसी बीच परिजन भी मौके पर पहुँच गए मगर वह शव का पोस्टमार्टम न कराने की गुहार लगा रहे थे।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*